मध्यप्रदेश विधान सभा

जुलाई-अगस्त, 2000 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 1 अगस्त,2000 (श्रावण 10,1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन का उल्लेख

श्री मोक्ष मदन सिंह, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा के निधन का उल्लेख.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री बाबूलाल गौर, मगन लाल गोइल, सदस्य, माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा अनेक विद्यालयों की मान्यता समाप्त किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री लक्ष्मीकांत शर्मा, कमल पटेल, चौधरी राकेश सिंह, सदस्य, विदिशा जिले के ग्राम मानोरा के अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की हत्या होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री धूलसिंह यादव, सदस्य, राजगढ़ जिले के पचोर नगर से पार्वती पुल तक सड़क का चौड़ीकरण एवं डामरीकरण कराये जाने,

(2) श्री रजिन्दरपाल सिंह भाटिया, सदस्य, राजनांदगांव जिले के -

(क) ग्राम बूचाटोला में हाईस्कूल खोले जाने; तथा

(ख) ग्राम उमरवाही स्थित हायर सेकेन्डरी स्कूल में विज्ञान एवं कृषि विषय की कक्षाएं प्रारम्भ कराये जाने,

(3) हाजी गुलाम सिप्तैन, सदस्य, कटनी जिले के ग्राम खजूरी के टोला मजरा में विद्युतीकरण कराये जाने,

(4) श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य, उमरिया जिले के ग्राम कुर्रिहा के कृषकों को भूमि का मुआवजा दिलाये जाने,

(5) श्री लालसिंह, सदस्य, भिण्ड जिले के गोहद क्षेत्र को "लघु उद्योग क्षेत्र" घोषित कराये जाने; तथा

(6) श्री सुनील उर्फ डॉ. सुनीलम्, सदस्य, बैतूल जिले के ग्राम महतपुर में परकोलेशन टैंक का कार्य पूर्ण कराये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

निर्धारित समय

5. नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा

1 घन्टा 30 मि. (1) प्रदेश में सड़कों की जर्जर हालत से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में श्री बृजमोहन अग्रवाल, डॉ. आई.एम.पी. वर्मा, श्री भूपेन्द्र सिंह, डॉ. गौरीशंकर शेजवार, सर्वश्री नरेन्द्र बिरथरे, हरीशंकर जायसवाल (हरि भैया), नरोत्तम मिश्रा, लाल सिंह, लक्ष्मेश सिंह, नारायण प्रसाद चंदेल, अमर अग्रवाल, मुन्ना सिंह, प्रभाकर सिंह तथा श्री महेश तिवारी, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

1 घन्टा 30 मि. (2) बरगी बांध योजनान्तर्गत दायीं तट नहर का निर्माण न हो पाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में सर्वश्री रामप्रताप सिंह, प्रभाकर सिंह, लक्ष्मेश सिंह तथा श्री महेश तिवारी, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

भोपाल :
दिनांक : 31 जुलाई, 2000

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.